तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 20.2 डिग्री

बरसात में पर्यटकों को लुभा रहा गोमर्डा अभयारण्य का माड़ोसिल्ली जल प्रपात



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

### फरसाबहार के सिंगीबहार का मामला

# सब स्टेशन के कार्य में व्यवधान, असामाजिक तत्वों के खिलाफ की गई दाण्डिक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सिंगीबहार में निर्माणाधीन विद्युत सब स्टेशन के कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने वाले असमाजिक तत्वों के खिलाफ दाण्डिक कार्रवाई की गई है। फरसाबहार एसडीएम से प्राप्त जानकारी के अनुसार फ़रसाबहार विकासखण्ड के ग्राम सिंगीबहार में निर्माणाधीन विद्युत सब स्टेशन के कार्य में व्यवधान पैदा करने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध राजस्व एवं पुलिस प्रशासन द्वारा दाण्डिक कार्यवाही की गयी है।

ग्राम सिंगीबहार में विगत दो वर्षों से शासकीय भूमि पर विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कार्य चल रहा है। इस सब स्टेशन के बन जाने से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को विद्युत की निर्बाध आपूर्ति दी जा सकेगी। ग्राम सिंगीबहार के ही कुछ असामाजिक लोगों द्वारा लगातार व्यवधान पैदा कर कार्य को बाधित किया जा रहा है। इससे पूर्व 14 जुलाई 2025 को सब स्टेशन के भवन निर्माण कार्य को भी इन ग्रामीणों द्वारा विवाद उत्पन्न कर रूकवाने का प्रयास किया गया था और मौके पर कार्य कर रहे कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया था, जिसके कारण इनके विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 296,351 (2), 221, 190, 191 (2) के तहत शांति भंग करने और शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने का अपराध विद्युत विभाग द्वारा थाना तपकरा में दर्ज कराया गया था। आज पुनः जिला प्रशासन द्वारा भवन की छत ढलाई का कार्य पुलिस बल की उपस्थिति में करवाया जा रहा था। इस दौरान रंजीता लकड़ा, प्रतिमा लकड़ा, निर्मला लकड़ा, दोरोथिया किस्पोट्टा, फुलजेंसिया कुजूर, फगुदादा लकड़ा, सुशील तिर्की, दीपक लकड़ा और एडवर्ड मिंज द्वारा महिलाओं को आगे कर कार्य में बाधा उत्पन्न कर दिया गया। मौके पर एसडीएम फरसाबहार एवं एसडीओपी कुनकुरी द्वारा इन लोगों को समझाइश दी गई। इसके बावजूद वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न कर दी गयी। पुलिस द्वारा विरोध करने वाले उपरोक्त असामाजिक लोगों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत मामला कायम किया गया एवं गिरफ्तारी कर थाने ले जाया गया।


विरोध कर रहे लोगों पर पुलिस की कार्रवाई।

विद्युत सब स्टेशन का निर्माण शासकीय भूमि पर किया जा रहा है किन्तु इन ग्रामीणों द्वारा खेल मैदान के नाम पर जानबूझकर अवरोध पैदा किया जा रहा था। प्रशासन एवं जन सहयोग से उक्त विद्युत सब स्टेशन का कार्य जारी है। ग्राम पंचायत और ग्राम सिंगीबहार के अन्य समस्त ग्रामवासी सहित आसपास के समस्त ग्रामीण इस विद्युत सब स्टेशन के निर्माण से संतुष्ट हैं और उनके द्वारा प्रशासन का आभार भी जताया गया है।



## राजमार्ग निर्माण को लेकर रणविजय की गडकरी से भेंट

**पत्थलगांव।** नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से पूर्व राज्य सभा सांसद एवं जशपुर राजा रणविजय सिंह जूदेव ने मुलाकात कर पत्थलगांव से कुनकुरी राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के जल्द निर्माण पे चर्चा की रणविजय सिंह जूदेव ने कहा कि जिले वासियों सहित अन्य बाहर के लोगो को पत्थलगांव से कुनकुरी आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 सड़क परियोजना को 10 वर्ष से ज्यादा का समय हो चुका है जो अब तक सड़क निर्माण अधूरा पड़ा है। जिसपर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जल्द से जल्द राष्ट्रीय राजमार्ग 43 सड़क निर्माण पत्थलगांव से कुनकुरी को पूरा करने भरोसा दिया।

## अनियंत्रित होकर पलटी स्कूली बच्चों से भरी वैन

**वाड्रफनगर।** बुधवार की सुबह स्कूली बच्चों से भरी वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना के समय कार में 22 स्कूली बच्चे सवार थे। गनीमत रही कि इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। फिलहाल इस मामले में पुलिस के पास किसी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में संचालित मॉर्निंग स्टार पब्लिक स्कूल के बच्चों को स्कूल की इको स्पोर्ट कार लेकर स्कूल की ओर जा रही थी। इस दौरान सुबह वार्ड क्रमांक 6 में बांध के मेढ के समीप बच्चों से भरी तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई।

## खबर संक्षेप

### कालेज भवन निर्माण के लिए मिली प्रशासकीय स्वीकृति

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मनोरा विकास खंड के शासकीय कालेज भवन निर्माण



कार्य के लिए 4 करोड़ 61 लाख 25 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने जशपुर प्रवास के दौरान मनोरा में कालेज भवन निर्माण के लिए घोषणा किए थे। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, अधोसंरचना और सड़क, पुलिया और विकास कार्यों के लिए निरंतर प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जशपुर जिले के विकास कार्यों के लिए कोई समस्या नहीं आएगी, जिले में पर्यटन के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। दूरस्थ अंचल क्षेत्रों में बच्चों के लिए कालेज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 3 अगस्त को

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा उच्च शिक्षा संचालनालय अंतर्गत प्रयोगशाला परिचारक के पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन 3 अगस्त को 11.00 बजे से 1.15 बजे तक किया जाएगा। इस हेतु अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं । इन पदों हेतु जिले के 7 परीक्षा केंद्रों में 3027 परीक्षार्थी इस परीक्षा में भाग लेंगे। परीक्षा हेतु व्यापम द्वारा प्रत्येक परीक्षार्थी के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके अनुसार सभी परीक्षार्थियों को लगभग दो घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### जनहानि के दो मामले में 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम कोनपारा, चटीडॉड़ निवासी स्व.पण्डरू राम का नदी के पानी में डूबने से 15 फरवरी 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पुत्र दिलबोध एवं अदील हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार दुलदुला तहसील के ग्राम वासदेवपुर निवासी स्व. कहरू राम का तालाब के पानी में डुबने से 27 सितम्बर 2023 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारित उनके पत्नी श्रीमती फुलमनी बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में अब तक 7043.3 मिमी वर्षा

जशपुरनगर। जिले में 01 जून से अब तक 7043.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 31 जुलाई तक की स्थिति में 5073.7 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 2.9 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 763.8 मिमी, मनोरा में 898.1 ममी, कुनकुरी में 1000.7 मिमी, दुलदुला में 422.8 मिमी, फरसाबहार में 585.4 मिमी, बगीचा में 730.8 मिमी, कांसाबेल में 684.9 मिमी, पत्थलगांव में 606.2 मिमी, सन्ना में 830.7 मिमी एवं बागबहार में 519.9 मिमी वर्षा हो चुकी है।

## जादू-टोना के शक में युवक की बेरहमी से पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

टोनही जैसे अंधविश्वास के चलते एक बार फिर मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। जिले के कोतबा चौकी क्षेत्र के ग्राम लकरामुड़ा में जादू-टोना के शक में एक युवक और उसके माता-पिता के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि दो आरोपी फरार हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम लकरामुड़ा निवासी ओमप्रकाश सोनी (35) ने 29 जुलाई को कोतबा चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 जुलाई की रात करीब 8 बजे वह अपने घर के आंगन में खड़ा था। तभी पड़ोस में रहने वाला बलिचंद्र डहरे उसके पास आया और उसके ऊपर जादू-टोना कर उसके बच्चे को मारने का आरोप लगाने लगा। बलिचंद्र ने अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी तक दी।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**चार आरोपी गिरफ्तार, दो फरार:** मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों – बलिचंद्र डहरे, सुदर्शन डहरे, माधुरी डहरे और शांति डहरे – को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। वहीं, दो आरोपी सूरज डहरे और सदानंद डहरे फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

**एसएसपी ने की अपील:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए लोगों से अपील की है कि वे टोनही जैसे अंधविश्वास से दूर रहें। यह कानूनन अपराध है और दोषियों को सख्त सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज को शिक्षित होकर ऐसे कुरीतियों से बाहर आना होगा।

### घर में घुसकर किया जानलेवा हमला

ओमप्रकाश ने बताया कि कुछ देर बाद जब वह अपने परिजनों के साथ भोजन कर रहा था, तभी बलिचंद्र डहरे अपने परिवार के सदस्यों सूरज डहरे, माधुरी डहरे, सदानंद डहरे, शांति डहरे और सुदर्शन डहरे के साथ उसके घर में जबरन घुस आया। सभी ने मिलकर ओमप्रकाश को घसीटकर बाहर लाया और उस पर टांगी व ईंट से हमला कर दिया। इस हमले में ओमप्रकाश के आंख व सिर में गंभीर चोटें आईं।

### टोनही प्रताड़ना अधिनियम के तहत दर्ज मामला

चौकी कोतबा पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर बलिचंद्र डहरे, सुदर्शन डहरे, माधुरी डहरे और शांति डहरे के खिलाफ 296, 351(3), 115(2), 190, 191 एवं छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005 की धारा 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## बगडोल पुलिया के नीचे मिली नाबालिग की सड़ी-गली लाश, मौत की गुत्थी उलझी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

थाना बगीचा क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई जब ग्राम बगडोल की पुलिया के नीचे एक नाबालिग आदिवासी बालिका का शव संदिग्ध हालत में पाया गया। शव बुरी तरह सड़ चुका था। बुधवार दोपहर करीब 2 बजे ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

■ कोरवा समाज में आक्रोश

सूचना मिलते ही थाना बगीचा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर पहचान की कोशिश की गई। परिजनों ने शव की पहचान कोरवा जनजाति की एक नाबालिग बालिका के रूप में की, जो बीते 24 जुलाई की रात से लापता थी।



### आखिरी बार एक युवक के साथ देखी गई थी

बालिका की सहेली ने पहले ही थाना बगीचा में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया गया था कि वह अपनी मैरून रंग की स्कूटी में विवेक जायसवाल नामक युवक के साथ निकली थी। यही युवक अब इस मामले में मुख्य संदेही बनकर सामने आया है।

### मौके से स्कूटी के टुकड़े बरामद

पुलिस ने मौके की घेराबंदी कर एफएसएल (फॉरेंसिक टीम) के साथ जांच शुरू की। घटनास्थल से स्कूटी के टूटे हुए टुकड़े मिले हैं, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि घटना के दिन स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हुई होगी।

### विवेक के सिर पर चोट

जब पुलिस ने विवेक जायसवाल के घर दबिश दी, तो परिजनों ने बताया कि उसे भी सिर में चोट लगी है और स्कूटी उसी रात दुर्घटनाग्रस्त हुई थी, लेकिन मृतका के सिर और छाती पर गंभीर चोट के निशान देखकर पुलिस को मामला संदिग्ध लग रहा है।

### पुलिस ने दर्ज किया अपराध

पुलिस ने अपराध क्रमांक 158/25, धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के ⏭ शेष पेज 4 पर

## लंबे समय से अनुपस्थित 6 कर्मचारी सेवा से पृथक

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला मिशन संचालक, समग्र शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों कार्यरत 6 कर्मचारियों को सेवा से पृथक किया है। इनमें मोबाईल स्त्रोत कम लेखापाल श्रीमती पुष्पा टोप्पो, बीआरपी समावेशी शिक्षा सुश्री ज्योति साहू एवं मेघा दुबे, सूचना प्रबंध समन्वयक नवीन कुमार पटेल, भृत्य श्रीमती सविता बाई एवं नंदकिशोर चाहौन शामिल हैं। ये सभी कर्मचारी आज पर्यन्त बिना किसी सूचना एवं आवेदन-पत्र प्रस्तुत किए लगातार कार्य पर अनुपस्थित है।

■ नोटिस के बाद भी जवाब नहीं मिलने पर की गई कार्रवाई

इस संबंध में पूर्व में सभी कर्मचारियों को कई बार पत्र प्रेषित कर कार्य पर उपस्थित होने के निर्देश दिया गया था। किन्तु उनके द्वारा किसी भी तरह का न कोई जवाब प्रस्तुत किया और ना अपने कर्तव्य पर उपस्थित हुए। इस अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में उन्हें रजिस्टर्ड डाक द्वारा अंतिम सूचना पत्र प्रेषित कर 01 सप्ताह के अंदर कार्य पर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। किन्तु उनके द्वारा कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ जो कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम -03 के विपरीत है। कलेक्टर द्वारा छत्तीसगढ़ सिविल सेवाएं (अवकाश) नियम, 2010 के नियम 11 में प्रावधान अनुसार यदि कोई भी शासकीय सेवक, अवकाश सहित या बिना अवकाश के बाह्य सेवा से भिन्न, तीन वर्ष से अधिक निरंतर अवधि के लिए कर्तव्य से अनुपस्थित रहता है तो उसे शासकीय सेवा से त्याग पत्र दिया हुआ समझने के नियम के तहत कार्रवाई की गई।

## इसाई समुदाय ने मनाया यीशु जुबली ईयर

**कोतबा।** नगर के समीपस्थ ग्राम पंचायत रोकबहार में ईसाई समुदाय के लोगों ने 9 दिन तक महागिरिजघर मे विशेष पूजा अर्चना कर प्रार्थना की और गुरुवार को बड़ी संख्या में महिलाओं सहित पुरुषों ने प्रभु यीशु के क्रॉस को लेकर पुरे गांव का भ्रमण किया।

इस दौरान प्रभु यीशु, जीजस, मां मरियम के गीत गाते हुए फिर महागिरिजघर पहुंचे जहां सभा का आयोजन किया गया और प्रभु यीशु के महत्व को बताया गया। इस दौरान प्रचार देवनिश कुजूर, मथलूस कुजूर, संदीप कुजूर, ललित टोप्पो, विपिन कुजूर, अशोक कुजूर, सुमित किंडो के मुताबिक साल 2025 को ईसाई कैथोलिक समुदाय यीशु मसीह के जन्म के जुबली ईयर के रूप में मना रहा है। जुबली ईयर के अवसर पर दुनिया भर में तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कैथोलिक चर्च के पोप फ्रांसिस ने साल 2025 को जुबली ईयर घोषित किया है 2025 के जुबली ईयर को आशा के तीर्थयात्री का नाम भी दिया गया है। इसी कड़ी में गुरुवार को रोकबहार गिरिजाघर में जुबली ईयर कार्यक्रम सुबह से शुरू हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रचार देवनिश कुजूर उपस्थित थे, जहां रोकबहार के ईसाई समुदाय ने प्रभु यीशु की प्रार्थना की और धार्मिक उपदेश के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित की गईं।


नगर भ्रमण करते इसाई समाज के सदस्य।


मानव तस्करी की रोकथाम के लिए उपस्थित जीवन झरना के सदस्य।

## बच्चों की आजादी के लिए जीवन झरना की पुकार

**जशपुरनगर।** जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेल द्वारा विश्व मानव तस्करी रोकथाम दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह हमें लाखों महिलाओं और बच्चे जो लालच धोखे और शोषण का शिकार बनते हैं इस दर्दनाक सच्चाई के बीच जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेल ने इस दिन को सभी पीड़ितों के प्रति सम्मान और न्याय की पुकार के रूप में मनाया। इस अवसर पर संस्था के सभी स्टाफ एवं युवा किशोरियों एवं युवतियों के साथ मिलकर जागरूकता और प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित किया संस्था के कार्यकर्ताओं ने बताया कि आदिवासी क्षेत्रों में गरीबी और शिक्षा और जागरूकता की कमी के कारण कई बच्चे और महिलाएं धोखे से ले जाए जाते हैं और भेज दिए जाते हैं वह घरेलू काम जबरन मजदूरी यौन शोषण और शादी के नाम पर तस्करी के जाल में फंस जाते हैं कई मामलों में तस्करी करने वाले परिचित लोग ही होते हैं रिश्तेदार गांव के दलाल या नौकरी दिलाने वाले एजेंट यह लोग आसान पैसे की ⏭ शेष पेज 4 पर

### 4.37 करोड़ रुपए की लागत से बनेगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

## सीएचसी और हार्टिकल्चर कॉलेज के लिए प्रस्तावित स्थलों का विधायक व कलेक्टर ने किया अवलोकन


प्रस्तावित भूमि का अवलोकन के लिए पहुंचे विधायक व कलेक्टर।

**कोतबा।** विधायक गोमती साय एवं कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को कोतबा में बनने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और हार्टिकल्चर कॉलेज के लिए प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कोतबा में लगभग 4.37 करोड़ रुपए की लागत से 50 बिस्तरों वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा। इसके लिए विधायक श्रीमती साय और कलेक्टर श्री व्यास ने मंडी प्रांगण के समीप स्थित भूमि का अवलोकन किया। यह स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के ग्रामीणों को सुलभ और सशक्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा। इसके साथ ही उन्होंने हार्टिकल्चर कॉलेज के लिए भूमि चयन हेतु प्रस्तावित स्थल ग्राम काजूबाड़ी, ग्राम पंचायत फ़रसाटोली, गोलियागढ़, टेंगरा एवं ग्राम भेलवागोड़ा एवं अन्य स्थलों का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम श्री ऋतुराज सिंह बिसेन, हार्टिकल्चर कॉलेज के डिन अरविंद साय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।



# बरसात में पर्यटकों को लुभा रहा गोमर्डा अभयारण्य का माड़ोसिल्ली जल प्रपात



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

बरसात में गोमर्डा अभ्यारण्य का माड़ोसिल्ली जल प्रपात प्राकृतिक सौंदर्य की छटा बिखेर रहा है। घने जंगलों से घिरा यह झरना लोगों को लुभाते हुए अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इन दिनों अभ्यारण्य में लोगों की काफी भीड़ भी लग रही है।

नए जिले के रूप में सारंगढ़-बिलाईगढ़ का उदय हुआ है। यहां की प्रकृति अपनी अद्भुत विहंगम छटाओं के लिए जाना पहचाना जाता है। सारंगढ़ से करीब 10 किमी दूर स्थित गोमर्डा प्रकृति और वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक आदर्श पर्यटन स्थल है। यहां बहुत से पठारी क्षेत्र हैं। यह अभ्यारण्य अपनी खूबसूरती को समेटे जिले में पर्यटन की विश्व स्तरीय ढ़ेरों संभावनाओं को बयां कर रहा है। यह स्थल अपनी खूबसूरती की वजह से प्रदेश के साथ-साथ पड़ोसी प्रांत ओडिसा, झारखण्ड, बिहार के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। पर्यटक बारिश के मौसम में पहाड़ों पर बने प्राकृतिक झरना माडोसिल्ली में बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। क्योंकि गोमर्डा अभ्यारण्य के माडोसिल्ली जलप्रपात की खूबसूरती देखते ही बन रही है। यहां झरना करीब 80 फीट की ऊंचाई से गिरता है जो नीचे आकर अन्य कई छोटे झरने में तब्दील होता है। माडोसिल्ली मार्ग जंगलो के बीच से है। सारंगढ़ क्षेत्र का यह सबसे खूबसूरत पिकनिक स्पॉट है। यहां पहाड़ों से निकलने वाले झरने और जंगलों के बीच खूबसूरती देखते ही बनती है। हर साल यहां भारी तादाद में पर्यटकों की भीड़ रहती है।

### घूमने के लिए जीप्सी की भी है व्यवस्था

गोमर्डा अभयारण्य में पर्यटकों को परेशानी न हो इसलिए वन विभाग द्वारा जीप्सी वाहन की सुविधा बैरियर से दिया जाता है। पर्यटक सारंगढ़ के तेंदूझार व टमटोरा हर्रापारा बैरियर तक स्वयं के वाहन से पहुंच सकेंगे। दोनों बैरियर पर दो-दो वाहन बुक कर अभयारण्य की सैर कर सकेंगे। इसके लिए पर्यटकों को निर्धारित शुल्क खर्च करने होंगे। जीप्सी 30 किमी घने अभयारण्य में तीन घंटे घुमाएगी। जिसमें पर्यटक बायसन, नीलगाय, मोर, भालू, चीतल, तेंदुआ सहित अन्य वन्यजीव को नजदीक से देखकर फोटोग्राफी भी कर सकेंगे।

### जंगल सफारी की तर्ज पर किया जा रहा विकसित

रायगढ़ से करीब 60 किलोमीटर दूर सारंगढ़ में स्थित गोमर्डा अभ्यारण्य 275 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैला हुआ है। यहां कई प्रकार के जंगली जानवर पाए जाते हैं। तेंदुआ, हिरण, चीतल, जंगली भैसा, नीलगाय, गौर, सांभर, मोर, सियार आदि यहां के प्रमुख हैं। इस स्थल को जंगली सफारी की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। अभ्यारण्य को देखने से ऐसा लगता है कि हम किसी दूसरे देश में आ गए है, क्योंकि यहां की फिजाएं बेहद ही खूबसूरत हैं। दूर-दूर तक हरे भरे जंगलों के बीच विचरण करते जंगली जानवर यहां आने वाले लोगों को और अधिक आकर्षित करते हैं। वन विभाग के देखरेख में गोमर्डा अभ्यारण्य छत्तीसगढ़ ही नही पूरे देश में अपनी अलग पहचान बना चुका है।

# पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा



■ चरित्र शंका को लेकर उपजा था विवाद, मुंह और नाक दबाकर की थी हत्या

घरघोडा में पत्नी के हत्यारे का अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले का संक्षिप्त विवरण बताते हुए अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने बताया कि थाना तमनार अंतर्गत ग्राम चिर्रामुड़ा निवासी अभियुक्त अनिल कुमार बेहरा जो मृतिका श्रीमती खुशबू बेहरा का पति है। न्यायालय ने पत्नी की हत्या के लिए दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है तथा अर्थ दण्ड से भी दण्डित किया है।

घटना 29/4/2022 की रात्रि अभियुक्त एवं मृतिका श्रीमती खुशबू बेहरा के मध्य चरित्र पर शंका के कारण लड़ाई झगडे. हुए और गुस्से में आकर अभियुक्त ने तकिये से मृतिका के मुंह नाक को दबा कर उसकी हत्या कर दी तथा हत्या के आरोप से बचने के लिए उसने मृतिका को पलंग से नीचे गिरने के कारण चोट आना बता कर तमनार अस्पताल में भर्ती कराया हूं, बता कर मृतिका के माता.पिता को सूचना दी। मृतिका के माता पिता तमनार अस्पताल पहुंचे तो उनकी पुत्री की मृत्यु हो चुकी थी दरअसल मृतिका श्रीमती खुशबू बेहरा की मृत्यु उसके घर में ही हो गई थी। घटना को नया रूप देने के लिए अभियुक्त ने यह साजिश रची थी जिससे मृतिका के माता.पिता अनभिज्ञ थे। किन्तु मृतिका के पोस्ट मार्टम रिपोर्ट ने अभियुक्त के किये धरे पर पानी फेर दिया और सारी पोल खोल दी पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में मृतिका की मृत्यु हत्यात्मक प्रकृति का होना बताया गया था जिसके आधार पर अभियुक्त के ऊपर पुलिस ने अपना शिकंजा कसा तो अभियुक्त ने अपनी पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया उक्त स्वीकारोक्ति एवं पोस्ट मार्टम के रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण की विवेचना आगे बढ़ाई गई तथा विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध थाना प्रभारी तमनार जी पी बंजारे ने धारा 302, 201 भारतीय दण्ड संहिता के तहत चालान तैयार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के निर्णय से संतुष्ट परिवार जनों के आंखों में आसूं छलक पड़े।

## खबर संक्षेप

### मयंक मिश्रा बने रायगढ़ के नए सीएसपी



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के नवीन पदस्थापना आदेश जारी किए हैं। 2021,2022 और 2023 बैच के परिवीक्षाधीन भापुसे भारतीय पुलिस सेवाद्ध अधिकारियों को प्रशिक्षण उपरांत अस्थायी रूप से नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में मयंक मिश्रा जो अब तक सरगुजा में प्रशिक्षणरत थे, को रायगढ़ नगर पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ किया गया है। वे भापुसे 2022 बैच के अधिकारी हैं। आदेश के अनुसार यह नियुक्ति आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी। राज्य सरकार द्वारा कुल आठ अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है, जिनमें दुर्ग, बस्तर, बिलासपुर, धमतरी और रायपुर जैसे जिलों में भी नई पदस्थापनाएं हुई हैं।

### युवक ने गला रेतकर की आत्महत्या

**रायगढ़।** चक्रधरनगर थाना क्षेत्र स्थित एमएसपी प्लांट की लेबर कॉलोनी में मंगलवार रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां 33 वर्षीय दिलीप सिंह ने चाकू से खुद का गला रेतकर आत्महत्या कर ली। वह पिछले दस वर्षों से प्लांट में इलेक्ट्रिशियन के पद पर कार्यरत था और जामगांव स्थित लेबर कॉलोनी में अकेले रह रहा था। बताया गया कि दिलीप ने रात को अपने कमरे का दरवाजा भीतर से बंद कर लिया था। सुबह तक जब दरवाजा नहीं खुलाए तो कॉलोनी के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो देखा कि युवक मृत अवस्था में खून से लथपथ पड़ा है। उसके गले पर चाकू से खुदकुशी के गहरे निशान पाए गए। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया और मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

### पवनी में शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार

**बिलाईगढ़।** पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी बिलाईगढ़ शिवकुमार धारी के कुशल नेतृत्व में थाना बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम पवनी में छापामार कार्यवाही कर एक शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार। मुखबिर से सूचना मिला कि थाना बिलाईगढ़ के नगरपंचायत पवनी के सीताराम साहू नाम का व्यक्ति नगरपालिका पवनी के गौरा डबरी तालाब के पास भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बिक्री करने हेतु रखा है किए सूचना पर रेड कार्यवाही कर रंगे हाथ पकड़ा गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पुलिस ने दर्ज ...

लिए भेजा गया है और एफएसएल की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। कोरवा समाज में आक्रोश, कड़ी सजा की मांग- मृतका के कोरवा समाज से होने के कारण जनजातीय समुदाय में भारी आक्रोश है। समाज के लोगों ने प्रशासन से दोषी को कड़ी सजा और विशेष अधिनियम के तहत कार्रवाई की मांग की है। जांच में सहयोग करें, अफवाहों से बचें- पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलाएं और जांच में सहयोग करें। साथ ही भरोसा दिलाया है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### बच्चों की आजादी के ...

चाह हमें मासूम जिंदगियों का सौदा करते हैं और वर्तमान समय में मानव तस्करी का जरिया सोशल मीडिया को भी किया जा रहा है इस मुद्दे पर भी विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। इसके पश्चात जीवन झरना विकास संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों के साथ मानव तस्करी से संरक्षण करने रोकथाम और मानव तस्करी से मुक्त एक दुनिया को बढ़ावा देने के लिए शपथ लिया गया तत्पश्चात मानव तस्करी के विरोध में जागरूकता के लिए नारे लालच में तुम आना नहीं, कोई बहकाए जाना नहीं , बहुत हुआ अब अत्याचार बंद करो मानव व्यापार का नारा लगाते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंच तत्पश्चात उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# पुसौर में सीसी लाल की याद में 53 साल से जीवित है कुश्ती की परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

■ पुसौर में नागपंचमी के अवसर पर कुश्ती प्रतियोगिता



नगर पंचायत पुसौर में पिछले 53 साल से कुश्ती की परंपरा कायम है। वहां उस दौर से कुश्ती चल रही है, जब देशभर में इस प्रतियोगिता को बडे शान से खे ला जाता था। इस परंपरा को जिंदा रखने वाले स्व सीसी लाल को माना जाता है। दिवंगत लाल हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रधान पाठक थे। उनके द्वारा ही नगर पंचायत में कुश्ती प्रतियोगिता शुरू कराई गई थी।

वर्तमान उनके स्मृति में उनके पुत्र सामाजिक कार्यकर्ता किसलय के अगुवाई में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों सहित खेल व कुश्ती प्रेमियों के उपस्थिति में लगातार अति उत्साह के साथ अब तक होता रहा है। इनके अनुसार अनुसार इसकी शुरूआत 1973 से प्रारंभ हुआ है। इसी कड़ी में बिते नागपंचमी के पर्व पर नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, उपाध्यक्ष उमेष साव, पार्षद मंगल साव, अभिनव स्कूल प्रमुख अक्षय कुमार सतपथी, प्रधान पाठक संजीव कसेर, शिक्षक पदमन कसेर, शिक्षक अभिनव सतपथी, रेफरी विनोद गुप्ता सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता विकास होता सहित अन्य लोगों के उपस्थिति में कुश्ती का आयोजन हुआ। उक्त कुश्ती में अभिनव स्कूल, ग्राम्यभारती स्कूल तथा शासकीय हायर से. स्कूल छात्र शामिल हुए जिसमें दर्जनों कुश्ती जोड़ियों ने अपने अपने कुश्ती के पैंतरे अजमायें। उक्त कार्यक्रम सभी सहभागीयों को पुरस्कृत किया गया। कुश्ती के पूर्व वीर बजरंगी बली के तैलीय प्रतिमा के समक्ष सभी लोगों ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर आशीर्वाद लेते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गई। पुरस्कार वितरण मोहित सतपथी के करकमलो से हुए, इसी बीच अपने उदबोधन में इन्होंने स्व.सीसी लाल सर द्वारा किए गए उक्त शुरूआत का सराहना करते हुए कहा कि कुश्ती बच्चों में ही नहीं बल्कि युवाओं में एक उर्जा का संचार करता है इसलिए इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए। अंत में उक्त आयोजन में सम्मिलित सभी लोगों को संबोधित करते हुये अक्षय कुमार सतपथी ने आभार व्यक्त किया।



### सफल होने के लिए परिश्रम जरूरीः रामचंद्र

**रायगढ़।** शिक्षाविद और समाजसेवी रामचंद्र शर्मा द्वारा सरकारी स्कूल के बच्चों को मोटिवेट कर ड्रेस वितरण किया गया। ज्ञात हो कि गेजामुडा पूर्व माध्यमिक शाला के बाद जोरापाली प्राथमिक शाला के छात्रों को रायगढ़ के शिक्षाविद समाजसेवी रामचंद्र शर्मा के द्वारा स्कूल यूनिफार्म वितरण किया गया है। गणवेश वितरण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार 29 जुलाई के दोपहर को किया गया। इस अवसर पर छात्रों को मोटिवेट करते हुए रामचंद्र शर्मा ने बताया कि आपको जीवन में सफल होने के लिए परिश्रम की सीढ़ी चढ़ना पड़ेगा तभी आप अपने जीवन में सफल हो पाएंगे। सामाजिक सशक्तिकरण के लिए शिक्षा जरूरी है इसीलिए सभी बच्चे अपने पढ़ाई पर ध्यान दें और गुरु आज्ञा का पालन करें। शिक्षा से ही जीवन में सकारात्मक परिवर्तन तथा समाज में बदलाव लाया जा सकता है।

# 100 बिस्तर अस्पताल के लिए कर्मचारियों की प्रशासकीय स्वीकृति से सरिया में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

■ बस स्टैंड का भी उन्नयन, सर्व सुविधायुक्त बस स्टैंड के लिए राशि स्वीकृत

**सरिया।** वित्त मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक ओपी चौधरी के विकास कार्यों की सरवत सराहना की जा रही है उम्मीद से ज्यादा कल्पना से परे विकास कार्य होने पर लोगों ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ.साथ वित्त मंत्री ओपी चौधरी को बधाई देने के लिए तांता लगा है जैसे ही प्रशासकीय स्वीकृति की सूचना मिली एअंचल में हर्ष व्याप्त है।

रायगढ़ विधानसभा के सरिया में 100 बिस्तर की अस्पताल के घोषणा के बाद प्रशासन ने यहां सभी प्रकार के विषय विशेषज्ञ डॉक्टरों की एवं समस्त स्टाफ कर्मचारी की 94 पद स्वीकृत किए जाने पर सरिया क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। बिगत दिनों वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने सरिया में 100 बिस्तर अस्पताल की घोषणा की थी। जिस पर प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए यहां 100 बिस्तर अस्पताल उन्नयन में विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ 94 कर्मचारियों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। इस बात की जानकारी जब नगर एवं अंचल में हुई तो लोगों ने विकास दूत ओपी चौधरी को बधाई देने एसाधुवाद देने का तांता लग गया है। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने बताया कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अनेक विकास की सौगात दी है। पहले अपेक्स बैंक एइसके बाद रजिस्ट्री कार्यालय और अब 100 बिस्तर अस्पताल के साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम एवं टेक्नीशियन सहित 94 कर्मचारियों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने बताया कि बिगत दिनों सरिया में 100 बिस्तर अस्पताल निर्माण के लिए सारंगढ़ बिलाईगढ़ कलेक्टर संजय कन्नौजे एवं राजस्व विभाग की टीम के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया के पीछे पर्याप्त भूमि होने पर स्थल चयन किया गया। इस संबंध में नगर पंचायत सरिया द्वारा प्रस्ताव पारित कर प्रशासन को प्रेषित भी किया गया है। कमलेश अग्रवाल ने बताया कि इसके साथ ही साथ सरिया में पुराना बस स्टैंड का उन्नयन सर्व सुविधा युक्त बस स्टैंड का भी निर्माण होगा। इसके लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने एक करोड़ 39 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। आने वाले दिनों में और भी अनेक विकास के कार्य होंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल सहित पार्षद गणों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी को साधुवाद देते हुए विकास दूत से नवाजा है।

परदेसी प्रधान, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा सरिया ने कहा कि सरिया क्षेत्र काफी वर्षों से पिछड़ा हुआ था। यहां कभी किसी ने विकास को महत्व नहीं दिया। वित्तमंत्री ओपी चौधरी और हमारे लाडले विधायक ने सरिया में विकास की गंगा बहा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल्पना से परे, उम्मीद से ज्यादा विकास कार्य होने से अंचल वासी वित्त मंत्री ओपी चौधरी की सर्वत्र सराहना कर रहे हैं।

## श्याम भक्ति में डूबे श्रोता लिया कीर्तन का आनंद

**खरसिया।** खरसिया में एक परिवार द्वारा भजन संध्या का आयोजन करवाया गया, जिसमे बाबा श्याम का मनमोहक दरबार बनाकर बाबा के शीश को स्थापित किया गया। वही आयोजको की शानदार व्यवस्था की बदौलत हजारों भक्तो ने भक्तिमय वातावरण में भजनो का आनंद लिया इसके साथ ही सभी भक्तो को प्रसाद वितरण किया गया। अर्जी हमारी मर्जी तुम्हारी, जिसमे देश के प्रसिद्ध भजन गायको का आगमन बीती रात खरसिया नगर में हुआ। जिसमे प्रमुख रूप से शिवानी शर्मा ग्वालियर सौरभ शर्मा कोलकाता अजहर अली खाटूधाम श्रेया अग्रवाल, कोरबा अभिषेक अग्रवाल खरसिया ये सभी लोग देश के प्रख्यात भजन गायक है, इन सभी ने श्याम कीर्तन कर बाबा के भजनों से भक्तों को रिझाया और एक से बढ़कर एक भजनों की संध्या से भक्तों को कभी थिरकाय तो कभी भाव विभोर कर दिया।

## आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रही शशिकला



■ एक सफल व्यवसाई के रूप में उभरी दूसरी महिलाओं के लिए बनी प्रेरणा

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के गृह जिला जशपुर में स्व सहायता समूह की महिलाएं स्वावलंबी बनकर दूसरी महिलाओं के लिए भी बनी प्रेरणा जिले के कांसाबेल विकासखंड के ग्राम केनादाड़ की श्रीमती शशिकला खलखो 'बिहान योजना' के माध्यम से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बनी हैं।

एक सामान्य गृहिणी और खेती-किसानी करने वाली शशिकला ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की है, बल्कि अब वे एक सफल होटल व्यवसायी के रूप में भी उभरी हैं। श्रीमती शशिकला खलखो वर्ष 2008 से 'जीवन ज्योति स्व सहायता समूह' की सक्रिय सदस्य हैं। इस 11 सदस्यीय समूह ने पहले सामूहिक रूप से खेती-किसानी के कार्यों में सहभागिता की। शशिकला बताती हैं कि बिहान योजना से जुड़ने के बाद उनके जीवन में व्यापक सकारात्मक बदलाव आए, जिससे उन्हें बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ खुद आत्मनिर्भर होने में भी मदद मिली। हाल ही में, श्रीमती खलखो ने अपनी उद्यमशीलता को विस्तार देते हुए एक होटल का संचालन शुरू किया है। इस हेतु उन्होंने मुद्रा योजना के तहत ऋण और सीआईएफ मद से 60 हजार रुपए की सहायता राशि प्राप्त की। वह बताती हैं कि यह नई शुरुआत है और उन्हें इस माह अच्छी आमदनी प्राप्त हुई है।

श्रीमती खलखो ने पूर्व में खाद्य विभाग की पीडीएस दुकान का संचालन भी किया है। उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास, महतारी वंदन योजना के तहत मासिक 1000 रुपए और उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर का भी लाभ मिला है। अपनी सफलता का श्रेय देते हुए श्रीमती शशिकला खलखो ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया।

## पुलिस के प्रयास से गुम हुई स्कूली बच्ची मिली

**पुसौर।** पुसौर थाना क्षेत्र से लगभग 3 किमी दूर स्थित ग्राम छींच के शासकीय प्राथमिक शाला के कक्षा पहली में अध्ययनरत लगभग 5 वर्षीय छात्रा 2 बजे से अपने स्कूल में नहीं थी जबकि वह 10 बजे स्कूल पहुंच कर मध्यान्ह भोजन के बाद थोडी देर रही थी। स्कूल बंद होने के बाद स्कूल प्रबंधन ने संबंधित छात्रा के परिजन को उक्त छात्रा नहीं मिलने की सूचना दिया। उक्त सूचना के बाद उसके परिजन आसपास खोजबीन की और जब नहीं मिली तो लगभग 7 बजे थाना आकर इसकी सूचना दी। थाना प्रभारी रामकिंकर यादव उसी समय हाईकोर्ट से वापस आए थे जो मामले की नजाकत को देखते हुए तत्काल रायगढ़ से सुरक्षा टीम बुलाकर कई टीम बनाए और खोजबीन प्रारंभ करवाया। इसमें सहायक उप निरीक्षक कुंदन गौर का भी एक टीम रहा जो खेत में उक्त छात्रा के चप्पल होने की जानकारी दी।

टैटू (गोदना) मिटाये
नई लेज़र तकनीक द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

# शासकीय भूमि घोटाला, पूर्व सैनिक की जमीन अवैध रूप से बेची गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ भाजपा नेता ने उठाई जांच की मांग

जिले के ग्राम खैरपुर में पूर्व सैनिक को शासन से प्राप्त शासकीय भूमि का फर्जी पंजीयन कर बिक्री करने का गंभीर मामला सामने आया है। भाजपा के युवा नेता अंशु टुटेजा ने इस पूरे मामले को उजागर करते हुए पंजीयन कार्यालय, तहसील और संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक और अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में शासन की योजनाओं का इस तरह दुरुपयोग न हो। दरअसल खैरपुर क्षेत्र की खसरा नंबर 568/2, 568/6 और 568/7 की कुल 2.889 हेक्टेयर भूमि शासन द्वारा 25 अप्रैल 1967 को एक पूर्व सैनिक को जीवन यापन के लिए शासकीय योजना के अंतर्गत आवंटित की गई थी। इस प्रकार की भूमि को न तो बेचा जा सकता है और न ही ट्रांसफर किया जा सकता है जब तक कलेक्टर की पूर्व अनुमति प्राप्त न हो। आरोप है कि रायगढ़ के व्यवसायी अमित अग्रवाल, पिता हनुमान अग्रवाल ने उक्त भूमि का फर्जी नामांतरण करवा कर 22 मई को उप पंजीयक तनोज कुमार भू.आर्य के माध्यम से भूमि की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली।

### तहसील कार्यालय ने रद्द किया नामांतरण

जब रजिस्ट्री के बाद नामांतरण की प्रक्रिया तहसील कार्यालय पहुँची, तो तहसीलदार रायगढ़ ने प्रकरण की जांच करते हुए पाया कि यह भूमि पूर्व सैनिक को शासन से आवंटित की गई थी, जिसे बेचने के लिए कलेक्टर की अनुमति आवश्यक होती है। चूंकि ऐसी कोई अनुमति नहीं ली गई थीए इसलिए 11 जुलाई 2025 को तहसीलदार ने नामांतरण को निरस्त कर दिया। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि उप पंजीयक द्वारा की गई रजिस्ट्री में न तो चौहद्दी अंकित की गई थी, न ही किसी पटवारी से सीमांकन या बिक्री की पुष्टि कराई गई थी। यह सब दर्शाता है कि पूरी प्रक्रिया पंजीयन कार्यालय की लापरवाही या मिलीभगत से अंजाम दी गई।

* **रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 30 जुलाई तक 765.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 3.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है।

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह जुलाई 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 15 दिन | 4.00 | 60.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 31 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह जुलाई 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अगस्त 2025 तक जमा करें।
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
पॉली ट्रॉमा
मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
हड्डियों से मवाद रिसना
ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से- 11 नवंबर से 17 नवंबर 2025, 2 मई से 8 मई 2026
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर-9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411